# विदर्भ स्वाभिमान

www.vidarbhswabhiman.com

संपादक - सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे

9423426199/8855019189

❖ अमरावती, 4 से 10 दिसंबर 2025 ❖वर्ष :16 ❖अंक- 29 ❖ पृष्ठ 8 ❖ मूल्य-4/-पोस्टल रजि.नं ATI/RNP/268/2025-2027❖डाक : शुक्रवार-शनिवार MAHHIN/2010/ 43881


## बाबूजी के आदर्श विचार



### जीवन की खुशियां

पिता तथा पति के त्याग को पहले महसूस करने वाला परिवार था. आज केवल सुख-सुविधाओं की अपेक्षा करने वाला परिवार है. परिवार के हर सदस्य में जब एक-दूसरे के प्रति प्रेम,आत्मीयता और दूसरे की भावनाएं समझने का भाव होता है तो पिता में बहुत कुछ करने की संभावना होती है. पिता के कंधे से कंधा मिलाकर काम करने वाली औलाद ही परिवार को आगे बढ़ाती है.




## ओम जय गोविंदा,श्री वेंकटाचल की महिमा

**कलयुग के देवता भगवान व्यंकटेश्वर बालाजी के करोड़ों भक्त विश्वभर में फैले हैं. पिछले 25 साल से उनकी भक्ति से क्या-क्या अनुभव किया है, इसको ध्यान में रखते हुए अनाथों के नाथ, निराधारों के आधार तिरूपति निवासा भगवान व्यंकटेश्वर की कथा को पेज नंबर 4 पर प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है. श्रद्धा और विश्वास रहने पर जीवन में असंभव भी संभव हो जाता है. विदर्भ स्वाभिमान तथा आनंद परिवार,बडनेरा द्वारा भक्तों के लिए इस अनुभव को बांटने का छोटा सा प्रयास किया जा रहा है. निश्चित ही हमारा जीवन खुशियों से भरा रहेगा.**

**जय गोविंदा,जय गोविंदा.**

# नतीजे के लिए करना होगा 17 दिन इंतजार

## नगराध्यक्ष पद को लेकर सभी में अपार उत्साह,चुनावी नतीजों पर लगी है सभी की निगाह

**विदर्भ स्वाभिमान,3 दिसंबर**

**मुंबई/अमरावती-** राज्य में नगर परिषद चुनाव तथा नगर पंचायत चुनावों के बाद अब नतीजे के लिए लोगों को 19 दिनों तक इंतजार करना होगा. इसके लिए प्रशासन द्वारा सभी उपाय किया गया है. चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुए, कुछ मतदान केन्द्रों पर इवीएम में दिक्कत आयी थी, लेकिन चुनाव विभाग द्वारा सभी समस्याओं का निराकरण किया गया. नगराध्यक्ष चुनाव को लेकर सभी दलों में जबर्दस्त उत्साह है, वहीं दूसरी ओर अधिकाधिक संख्या में नगर सेवकों को चुनने की दिशा में प्रयास किया गया है.

इस चुनाव को महानगर पालिका तथा जिला परिषद चुनाव की ट्रायल मानी जा रही है. ऐसे में नगर परिषद चुनावों के नतीजे 19 दिन बाद घोषित होने वाले हैं. इसको लेकर प्रत्याशियों में जहां तनाव वाली स्थिति है वहीं दूसरी ओर चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों की धड़कनें भी तेज हो गई हैं.

नगराध्यक्ष के नतीजे की चर्चा

मंगलवार 2 दिसंबर को जिले की 9 नगर पालिकाओं और दो नगर पंचायतों के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुए. 1048 प्रत्याशियों का भाग्य इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन में बंद हो गया है. धारणी नगर पंचायत के लिए जहां बेहतरीन मतदान हुआ, वहीं दूसरी ओर शेंदुरजनाघाट नगर परिषद 73.64





प्रतिशत मतदान हुआ. मतदान के दौरान पुलिस तथा प्रशासन द्वारा जिस तरह से बेहतरीन इंतजाम किया गया, उसकी भी सराहना की जानी चाहिए. वरूड़,मोर्शी, दर्यापुर, अचलपुर, नांदगांव खंडेश्वर सहित अन्य नगर परिषदों में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव हुआ. चुनावी नतीजे को लेकर मतगणना समाप्ती के बाद ही सभी की चर्चाएं शुरू हो गई थीं. नगराध्यक्ष चुनाव तथा नगर सेवक के चुनाव में भी भाजपा की बढ़त की संभावना जताई जा रही है. चांदूर बाजार, धारणी, नांदगांव खंडेश्वर, धामणगांव रेलवे, चांदूर रेलवे के नगराध्यक्ष चुनाव भाजपा की प्रतिष्ठा से जुड़े हैं, ऐसे में इस चुनाव में कामयाबी को लेकर भाजपा ने जहां पूरी ताकत झोंकी है, वहीं चांदूर बाजार में पूर्व मंत्री बच्चू कडू की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है. उन्होंने भी नगर परिषद चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंकी है और इस चुनाव के नतीजे उनके लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है. वहीं नगर परिषद तथा नगर पंचायत चुनाव को भाजपा की एकता के परिणाम के रूप में देखने की मानसिकता देखी जा रही है.चुनावी नतीजे की चर्चा 19 दिन तक होगी.

# जिले में नप चुनाव में लाड़ली बहनों का कम मतदान किसे तारेगा

**अमरावती-** जिले की 9 नगर पालिकाओं और दो नगर पंचायतों के लिए हुए चुनाव में मतदान को लेकर सभी मैं अलग-अलग चर्चाएं की जा रही हैं. जिले में कहीं सीधी टक्कर तो कुछ नगर परिषदों में त्रिकोणीय मुकाबले वाली स्थिति में नगराध्यक्ष के चुनाव पर सभी राजनीतिक दलों की निगाहें लगी हैं. इस चुनाव में लाड़ली बहनों की कम वोटिंग किस पार्टी को तारेगी और किसके लिए मारने का काम करेगी, इसका पता तो 21 दिसंबर को मतगणना के बाद चलेगा. लेकिन इतना तय है कि चुनाव होने के बाद नतीजे को आगे बढ़ाने के कारण मैदान में उतरने वाले सभी उम्मीदवारों की दिल की धड़कनें इन दिनों में जोरदार धड़क रही हैं.

अमरावती जिले के चुनाव पर सभी की निगाहें लगने के साथ ही स्वयं मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस का ध्यान रहने के कारण यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

चुनाव होने के बाद जहां उम्मीदवारों के साथ ही नेताओं में दावे-प्रतिदावे शुरू हो गए हैं, वहीं दूसरी ओर मैदान में उतरने और लाखों खर्च करने वाले उम्मीदवारों की धड़कनें तेज हो गई हैं. इस चुनाव में नगराध्यक्ष का सीधे जनता से चयन होने के कारण सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव को काफी गंभीरता से लिया था. देखना है कि इस चुनाव के नतीजे किसे कितना तारते हैं, फिलहाल तो लाड़ली बहनों का कम मतदान चर्चा का केन्द्र बन गया है.




# विदर्भ स्वाभिमान

संपादकीय

## धन की सफाई के बाद भी नहीं हो रही शहर की सफाई

*शहर की सफाई पर साल में भारी खर्च होने के बाद भी क्या शहर इंदौर जैसे साफ है, इस सवाल का जवाब शायद हां में हो ही नहीं सकता है. भ्रष्टाचार,सेटिंग के कारण ही अन्य कारणों से आज नालियां महीनों साफ नहीं हो र ही हैं, बीमारियां बढ़ रही हैं लेकिन कोई जिम्मेदार नहीं है.मनपा के गठन के बाद से साफ-सफाई की समस्या सदैव त्रस्त करती रही है. करोड़ों रूपए साफ-सफाई पर खर्च करने के बाद भी शहरवासियों का कभी भी साफ-सफाई को लेकर समाधान नहीं हुआ.हो भी कैसे जहां नजर घुमाओ,वहां गंदगी और गंदगी नजर आती है.सफाई ठेका कुछ लोगों के लिए सोने की मुर्गी है, जो अंडा देती है. लेकिन करोड़ों रूपए का सम्पत्ति अदा करने वाले नागरिकों के लिए यह विषय जीवन-मरण का माध्यम रहने के बाद भी सफाई के मामले में कभी संतोषजनक स्थिति नहीं रही. मनपा आयुक्त सौम्या शर्मा यद्यपि इस दिशा में प्रयास कर रही हैं लेकिन उसके नतीजे पर सभी की निगाहें लगी हैं. कितने इलाकों में कचरा संकलन गाड़ी कई दिनों तक नहीं आती है.शहर की सफाई के मामले में निश्चित तौर पर प्रशासन कभी सफल नहीं हो पाता है, वह क्यों नहीं सफल हो पाता है, यह समझ से परे है. महानगर पालिका में सफाई का मामला सदैव चर्चा का केन्द्र बनता है. कई क्षेत्रों में नालियों की सफाई महीनों तक नहीं की जाती है. ऐसे में बार-बार शिकायतें करने के बाद भी कोई लाभ नहीं होता है.*

*मनपा ने जोनवार ठेका पध्दति को रद्द कर सिंगल ठेका पध्दति लागू करने के बाद सबसे कम कीमत की निविदा डालनेवाले मुंबई स्थित कोणार्क इन्फ्रा कंपनी को मनपा ने शनिवार को वर्क ऑर्डर सौंपा है. लेकिन वर्क आर्डर देते समय केवल भाग-1 का ही वर्क ऑर्डर दिया. क्योंकि कोणार्क के पास वर्तमान में 5 कॉम्पैक्टर मशीन है. ठेका भले ही इसे दिया गया है लेकिन इसके पास अभी भी साफ-सफाई के लिए जरूरी पूरी यंत्रणा नहीं है.मनपा द्वारा वर्क आर्डर देने के बाद कचरा संकलन शुरू किया गया है. शहरवासियों द्वारा करोड़ों रूपए सम्पत्ति कर भरने के बाद इतनी अपेक्षा अवश्य की जाती है कि कम से कम साफ-सफाई के मामले में प्रशासन गंभीरता का परिचय दे और जिन्हें भी ठेका दिया जाए, वे ईमानदारी से काम करते हुए शहर की साफ-सफाई को गंभीरता से लें तथा समुचित प्रभावी कदम उठाएं. घर से कचरा उठाने से लेकर तो नाली सफाई व दवाईयों का छिडकाव, फॉगिंग मशीन का काम यह पुराने ही तीन ठेकेदार 22 प्रभागों में करेंगे.सोमवार से नई कंपनी ने काम संभाल लिया है, देखना है कि कोणार्क कंपनी साफ-सफाई के मामले में किस तरह से काम करती है. प्रशासन का दवाब रहना जरूरी है लेकिन दुर्भाग्य की बात कि प्रशासन राज में स्वच्छता का मामला और अधिक गंभीर हुआ था. देखना है नई व्यवस्था कितनी खरी उतरती है.*

# आप जब याद आएंगे,बहुत याद आएँगे



विदर्भ स्वाभिमान

www.vidrabhswabhiman.com 9423426199



वैद्यकीय व्यवसाय के क्षेत्र की गरिमा को सदैव बढ़ाने का काम करने वाले सुख्यात समाजसेवी डॉ. रामगोपाल तापडिया न केवल शहर बल्कि राष्ट्रीय स्तर के सुख्यात होमियोपैथी चिकित्सक थे. उनके 4 दिसंबर प्रथम स्मरण दिवस पर हमारी विनम्र आदरांजलि. जीवन में आने वाले को जाना पड़ता ही है लेकिन उनके जैसे आदर्श डाक्टर कभी मर ही नहीं सकते हैं, उनका सेवा कार्य सदा उन्हें जिंदा रखेगा. बेहतरीन डाक्टर के साथ ही हरदिल अजीज व्यक्तीत्व तथा समाजसेवी थे. उनके सादगीभरे स्वभाव के साथ ही किसी को भी समुचित और सही राय देने की खूबी के कारण हजारों लोगों को जोड़ा था. मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य रहते समय जिस तरह से महाविद्यालय को आसमानी कामयाबी पर पहुंचाया, उसके चलते उनकी सर्वत्र सराहना होती रही. सेवानिवृत्ति के बाद भी स्वयं को सामाजिक कामों में जहां झों के रखा. सेवा का यह सिलसिला अंतिम सांस तक चलता रहा. आज पिता के आदर्श नक्शे-कदम पर चलते हुए बेटे और जाने-माने होमियोपैथी डॉ. सारंग तापडिया, बहू डॉ. सोनल तापडिया भी बाबूजी के आदर्श और सेवाभावी विचारों को लेकर आगे बढ़ रहे हैं. आदर्श पिता के आदर्श पुत्र और परिवार ने आज अमरावती में सदा बेहतरीन करने का काम किया है.

अपनी सेवाओं के कारण शहर की शान बने रहे. शहर ही नहीं तो राष्ट्रीय स्तर के होमियोपैथी विशेषज्ञ, तखतमल होमियोपैथिक महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य के साथ ही पूरा जीवन वैद्यकीय क्षेत्र की गरिमा के साथ मरीजों की सेवा में सर्मपित करने वाले डॉ. रामगोपाल तापडिया आज हमारे बीच भले ही नहीं हैं, लेकिन उनकी याद उनका कार्य तथा परिवारर का सामाजिक दायित्व की भावना से किया जाने वाला कार्य निश्चित तौर पर उनकी दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करने का काम करेगा. महान हस्ती रहने के बाद भी उनकी विनम्रता जहां किसी को भी प्रभावित करती थी, वहीं डाक्टर साहब के चेहरे पर सदैव हंसी एवं मुस्कराहट अन्यों को प्रेरणा देती थी. अपने जीवनकाल में विदर्भ स्वाभिमान से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा था कि जब हम दूसरों की खुशियों के बारे में सोचते हैं तो हमारी खुशियों को कभी भी ग्रहण नहीं लगता है. इसलिए सदैव प्रयास करना चाहिए कि जितना संभव हो सके, हम नेक काम करते रहें. वे जो बोलते थे, उस पर स्वयं पहले अमल करते थे, जीवनभर उन्होंने सदा सेवाभाव रखते हुए मानवता की सेवा की. यही कारण है कि उनकी अंतिम यात्रा में जिस तरह से नागरिकों का सैलाब उमड़ा था, वह उनकी अपार लोकप्रियता, सेवाभाव के नायक को सम्मान देने का सबसे बड़ा लोकप्रमाणपत्र था. रामगोपाल तापड़िया विदर्भ तथा राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ होमियोपैथी चिकित्सक के रूप में पहचाने जाते थे. कई असाध्य बीमारियों पर भी उनकी दवाएं सदैव कारगर रही थी, कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने जिस तरह से मरीजों को समुचित मार्गदर्शन के साथ ही हिम्मत बंधाने का काम किया, उसकी सर्वत्र सराहना हुई थी, उन्हें अनगिनत पुरस्कार देकर नवाजा गया था.लगभग पांच दशकों तक होमियोपैथी डाक्टर के रूप में शहरवासियों की सेवा, प्राचार्य के रूप में 38 साल की सेवा के साथ ही बोर्ड ऑफ स्टडीज के अध्यक्ष के साथ ही उन्होंने कई संस्थाओं में बेहतरीन काम किया था. आज वैद्यकीय सेवा क्षेत्र की गरिमा जहां कई मामलों में कलंकित होती है लेकिन डॉ. रामगोपाल तापड़िया ने पैसे की बजाय मरीजों को समुचित मार्गदर्शन और कम से कम शुल्क में बेहतरीन सेवा देने के कारण अमर बन गए. आज भी हजारों ऐसे मरीज हैं, जो याद कर आंखें नम हो जाती हैं. वे जितने बेहतरीन डॉक्टर थे, उतने ही बेहतरीन इन्सान थे. डॉ. तापडिया अक्सर कहते थे कि इन्सान को इन्सान की सेवा करनी चाहिए. यही सबसे बड़ा पुण्य का काम है. इतना ही नहीं तो हर व्यक्ति को अपने व्यवसाय के माध्यम से भी सेवा का काम करने की सीख देते थे. आज वे यद्यपि हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनका सेवाकार्य निश्चित तौर पर पूरे तापडिया परिवार और मुझ जैसे व्यक्ति को सदैव प्रेरणा देगा. उनकी स्मृति को नमन करते हैं.

**विदर्भ स्वाभिमान डेस्क**

# गणेश चतर्थी का उपवास है जीवन में लाभकारी

गणेश चतुर्थी हिन्दू धर्म का एक प्रमुख और अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाने वाला पर्व है. यह पर्व भगवान श्री गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है. गणेश जी को विघ्नहर्ता (सभी बाधाओं को दूर करने वाले), सिद्धिविनायक (सफलता देने वाले) और बुद्धि-ज्ञान के देवता माना जाता है. किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत से पहले गणपति का पूजन करना हमारी प्राचीन परंपरा है, क्योंकि माना जाता है कि उनके आशीर्वाद से सभी कार्य सहज रूप से सिद्ध होते हैं. शहर के कई मंदिरों में भगवान गणेश की पूजा0-अर्चना के साथ ही सुबह से लेकर शाम तक बड़ी संख्या में भक्त दर्शन करते हैं.

इस दिन श्रद्धालु श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर घंटी, दीप, धूप, फल, मोदक और दूर्वा से उनका पूजन

8 दिसंबर को गणेश चतुर्थी पर विशेष



करते हैं.यह पर्व भक्ति, विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है.भगवान गणेश की आराधना बुद्धि, विवेक, समृद्धि तथा जीवन में सफलता प्रदान करती है.यह पर्व हमें संघर्ष और कठिनाइयों को धैर्य और बुद्धिमत्ता से पार करने की प्रेरणा देता है. हर महीने में गणेश चतुर्थी, विनायक चतुर्थी आती है और हजारों की संख्या में भाविक उपवास भी रखते हैं. गणेश चतुर्थी समाज में एकता, भाईचारा और सहयोग की भावना पैदा करती है. शहर के करीब स्थिति वायगांव के सिद्धि विनायक मंदिर में भी हजारों की संख्य में भक्त पहुंचकर सिद्धि विनायक का दर्शन करते हैं. सामूहिक शक्ति और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है.

भगवान गणेश को माता-पिता के भक्त के साथ ही रिद्धि-सिद्धि प्रदाता, विघ्नहर्ता का भी नाम दिया गया है. इनके भक्तों के तमाम संकटों को हरने का काम वे करते हैं. अमरावती में भी विभिन्न गणेश मंदिरों में गणेश चतुर्थी तथा विनायक चतुर्थी भक्तीभाव से मनाया जाता है. माता-पिता को प्रसन्न रखने वाले भक्तों पर इनकी सदा कृपा रहती है.

विदर्भ स्वाभिमान

यह समाचार पत्र मालिक, प्रकाशक,संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे द्वारा एस.बी.प्रिंटर्स द्वारा दत्त पैलेस गांधी चौक अमरावती में मुद्रित कर विदर्भ स्वाभिमान कार्यालय,छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती में प्रकाशित किया गया है.मोबाइल नंबर 9423426199/8855019189.अखबार में प्रकाशित होने वाले विभिन्न पत्र,साहित्य,लेखकों,कवियों के विचारों व तथ्यों पर आधारित होते हैं. इनसे संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है.संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे (संपादकीय दायित्व हेतु जिम्मेदार), मुख्य प्रबंधक- सौ.वीणा सुभाषचंद्र दुबे.Email-vidarbhäswabhiman@gmail.com.www.vidrabhswabhiman.com,rni. no MAHHIN/2010 43881

# चेक-इन सिस्टम में तकनीकी खराबी ने रोकी कई विमानों की उड़ान

## नागपुर में यात्रियों को हुई परेशानी, पिछले दो सप्ताह से हो रही है दिक्कत,कंपनी ने माफी मांगी


**विदर्भ स्वाभिमान,3 दिसंबर**

**नागपुर-** चेक-इन सिस्टम में दिक्कत की वजह से बुधवार को पूरे देश में हवाई सेवाएं प्रभावित रहीं. इसके तहत यहां डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आने वाली छह फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं. साथ ही, चार फ्लाइट्स यहां देरी से पहुंचीं. एयरपोर्ट मैनेजमेंट के सीनियर सूत्रों ने बताया कि इससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई है. पिछले कुछ दिनों से इंडिगो और दूसरी एयरलाइंस की फ्लाइट्स लगातार लेट हो रही हैं. कुछ फ्लाइट्स कैंसिल भी हुई हैं. ऐसे में बुधवार को पूरे देश में चेक-इन सिस्टम में दिक्कत आ गई और कई फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं. सैकड़ों से ज्यादा फ्लाइट्स ने देरी से उड़ान भरी.

नागपुर में भी चेक-इन सिस्टम में दिक्कत की वजह से हवाई सेवाएं प्रभावित रहीं. सूत्रों के मुताबिक, नागपुर आने वाली सात फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं. इनमें इंडिगो एयरलाइंस की कई फ्लाइट प्रभावित होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा. इसके अलावा कईयों का कामकाज भी प्रभावित हुआ. नागपुर से लौटने वाली फ्लाइट्स भी कैंसिल कर दी गईं. इनमें नागपुर-मुंबई, नागपुर-पुणे, नागपुर-दिल्ली, नागपुर-कोलकाता, स्टार एयर की फ्लाइट नागपुर-किशनगढ़ शामिल थीं.

इसके अलावा, नागपुर में देर से पहुंचने वाली फ्लाइट्स में पांच फ्लाइट्स शामिल थीं. इंडिगो की फ्लाइट नंबर 6क 5013 मुंबई-नागपुर तीन घंटे, 6क6235 मुंबई-नागपुर, 6क6072 नागपुर-कोलकाता साढ़े चार घंटे, 6क 6696 दिल्ली-नागपुर एक घंटे, 6क 7037 इंदौर-नागपुर एक घंटे लेट रही.

नागपुर से इंडिगो की फ्लाइट नंबर 6क 6934 नागपुर-गोवा एक घंटे, 6क462 नागपुर-मुंबई साढ़े तीन घंटे, 6क6864 नागपुर-बेंगलुरु 49 मिनट,



6क 6620 नागपुर-गोवा छह घंटे, 6क 6697 नागपुर-पुणे एक घंटे, 6क659 नागपुर-मुंबई तीन घंटे, 6क 7273 नागपुर-इंदौर एक घंटे, 6क 6896 नागपुर-बेंगलुरु डेढ़ घंटे, 6क 6803 नागपुर-बेंगलुरु ढाई घंटे लेट हुई.

इंडिगो ने माफी मांगी

इंडिगो एयरलाइंस नागपुर समेत पूरे देश में हुई परेशानी के लिए माफी मांगती है. एयरलाइन ने इस बारे में एक बयान जारी किया. इसमें, हम मानते हैं कि पिछले दो दिनों से पूरे नेटवर्क में इंडिगो की फ्लाइट सर्विस बुरी तरह से बाधित रही हैं. हम यात्रियों को हुई परेशानी के लिए भी माफी मांगते हैं.इंडिगो ने कहा कि यह परेशानी अचानक ऑपरेशनल दिक्कतों, छोटी-मोटी टेक्निकल गड़बड़ियों, सर्दियों के मौसम से जुड़े शेड्यूल में बदलाव, खराब मौसम, एविएशन सिस्टम में बढ़ी भीड़ और अपडेटेड क्रू रोस्टरिंग नियमों (फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिट) की वजह से हो रही है. कंपनी का कहना है कि यात्रियों को और परेशानी से बचाने के लिए अगले 48 घंटे बहुत ज़रूरी हैं और इस दौरान कदम उठाए जा रहे हैं. बयान में यह भी कहा गया है कि इंडिगो की टीम ग्राहकों को होने वाली परेशानी को कम करने और जल्द से जल्द पूरा ऑपरेशन फिर से शुरू करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं.प्रभावित सेवा को सुचारू करने का प्रयास युद्धस्तर पर किया जा रहा है. इस समस्या के कारण इंडिगो की 100 के करीब उड़ाने भी रद्द किये जाने के कारण यात्रियों को काफी परेशान देखा गया. सुधार प्रयास शुरू है.

# राज्य विधानसभा का शीतकालीन सत्र 8 से 14 तक नागपुर में

**विदर्भ स्वाभिमान, 3 दिसंबर**

**मुंबई-** महाराष्ट्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र 8 से 14 दिसंबर तक नागपुर में होगा. यह फैसला विधान भवन में हुई राज्य विधानसभा के दोनों सदनों की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग में लिया गया. मीटिंग में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और अजित पवार मौजूद थे.अधिकारियों ने बताया कि विधानसभा की मीटिंग 13 और 14 दिसंबर को होगी, जो शनिवार और रविवार को पड़ रही हैं. नागपुर में होने वाले सत्र में सरकार और विपक्ष में जोरदार बहस



होने की संभावना जताई जा रही है. सत्र के दौरान रविवार को भी कामकाज होने वाला है.इसमें अमरावती जिले सहित राज्य की विभिन्न समस्याओं पर विपक्ष आक्रामक रहने की संभावना है. शीतकालीन सत्र आमतौर पर महाराष्ट्र की दूसरी राजधानी नागपुर में होता है.इस बार, विधानसभा का सत्र स्थानीय निकाय चुनावों के बीच होगा. मंगलवार को 264 स्थानीय निकाय के चुनाव हुए, जबकि स्टेट इलेक्शन कमीशन ने 24 दूसरी बॉडीज़ के चुनाव 20 दिसंबर तक टाल दिए हैं.इन 264 स्थानीय निकाय में से 76 के 154 वार्ड के लिए भी 20 दिसंबर को ही चुनाव होंगे. सभी 288 स्थानीय निकाल के लिए वोटों की गिनती 21 दिसंबर को होगी. इस बारे में हुई बैठक में दोनों सदनों में विपिक्ष का नेता नयुिक्त करने की मांग की जा रही है.

# अमरावती शहर में आयष्मान गोल्डन कार्ड का महाअभियान

## 1 से 20 दिसंबर के बीच सभी नागरिकों के लिए बड़ा अवसर

**विदर्भ स्वाभिमान,3 दिसंबर**

**अमरावती**-देशभर के नागरिकों को सशक्त स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा राज्य सरकार की महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना के संयुक्त लाभ अमरावती महानगरपालिका क्षेत्र के प्रत्येक परिवार तक पहुँचाने के लिए .1 दिसंबर 2025 से 20 दिसंबर 2025. तक विशेष आयुष्मान गोल्डन कार्ड निर्माण व वितरण अभियान चलाया जा रहा है. यह मोहीम युद्धस्तार पर चलाई जाएगी तथा महानगरपालिका के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित 13 शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में नागरिकों का ई-केवाईसी और कार्ड निर्माण किया जाएगा.

हर नागरिक को स्वास्थ्य सरक्षा

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत शामिल प्रत्येक परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक कैशलेस उपचार सुविधा मिलती है. यह लाभ केवल आयुष्मान गोल्डन कार्ड धारक को ही मिलता है. कार्ड न होने पर मरीज उपचार से वंचित रह सकता है.महानगरपालिका क्षेत्र में कार्ड निर्माण की दर राज्य में सबसे कम होने के कारण मुख्यमंत्री की वॉर रूम बैठक में यह विशेष अभियान चलाने के आदेश दिए गए. इससे पहले चलाए गए अभियान में राज्यभर में 10.01 लाख कार्ड बनाए गए थे, फिर भी बड़ी संख्या में परिवार अभी भी लाभ से वंचित हैं.महानगरपालिका के प्रत्येक वार्ड में प्रतिदिन शिविर लगाए जाएंगे.आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ नागरिक तुरंत आयुष्मान कार्ड प्राप्त कर सकेंगे-आशा सेविका व राशन दुकानदारों द्वारा घर घर अभियानआशा सेविका, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, राशन दुकान संचालक और आपले सरकार सेवा केंद्र कर्मचारी घर घर जाकर लाभार्थियों का ई-केवाईसी करेंगे.प्रत्येक कर्मचारी के लिए दैनिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा 100ऽ कार्ड निर्माण का लक्ष्य रखा गया है.नागरिक आयुष्मान भारत कार्ड ऐप पर जाकर स्वयं भी अपना कार्ड बना सकते हैं. जनता को मोबाइल से कार्ड बनाने की जानकारी दी जाएगी.अधिकृत अस्पतालों के आरोग्यमित्र को भी कार्ड निर्माण के निर्देश दिए गए हैं.

अस्पतालों में स्वास्थ्य शिविर अ ऑन-द-स्पॉट कार्ड निर्माण,सभी सरकारी और निजी मान्यताप्राप्त अस्पतालों को अभियान अवधि में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करना अनिवार्य है.शिविर में उपचार के साथ-साथ वहीं पर आयुष्मान कार्ड बनाए और वितरित किए जाएंगे.70 वर्ष से अधिक उम्र वालों के लिए विशेष सुविधा वयवंदना कार्ड 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए वयवंदना कार्ड उपलब्ध.इसके माध्यम से उन्हें अतिरिक्त 5 लाख रुपये का वार्षिक स्वास्थ्य संरक्षण मिलेगा. इसमें कुल लाभ 10 लाख रुपये होगा. कार्ड बनाना अत्यंत सरल है, इसके लिए आधार कार्ड और इससे आधार से लिंक मोबाइल नंबर महानगरपालिका ने ज्येष्ठ नागरिक संघ तथा महाविद्यालयीन विद्यार्थियों की मदद से वयवंदना कार्ड अभियान को भी तेज गति से चलाने का निर्णय लिया है.शासकीय व अर्ध-शासकीय कर्मचारी सभी शासकीय व अर्ध-शासकीय अधिकारी कर्मचारियों तथा उनके परिवारों को महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना के तहत 5 लाख रुपये की स्वास्थ्य सुरक्षा मिलती है.अमरावती महानगरपालिका सभी नागरिकों से अपने निकटतम शहरी स्वास्थ्य केंद्र में जाने,ई-केवाईसी कराकर तुरंत आयुष्मान गोल्डन कार्ड प्राप्त करने,70 वर्ष से ऊपर के नागरिक 'वयवंदना कार्ड' अवश्य बनवाने रे लाख शिविरों तथा स्वास्थ्य मित्र के पास पहुंचकर कार्ड बनाएं.



# मुनियों का नैमिशारण्य लौटकर सूत की स्तुति करना

## विदर्भ स्वाभिमान तथा आनंद परिवार की भक्तिमय सेवा

## विश्वास वाले भक्तों को हर पल होता है तिरूपति में अनुभव

**कहते हैं कि श्रद्धा से विश्वास और विश्वास से असंभव भी संभव हो जाता है. कलयुग के देवता भगवान व्यंकटेश्वर बालाजी के करोड़ों भक्त विश्वभर में फैले हैं. पिछले 25 साल से उनकी भक्ति से क्या-क्या अनुभव किया है, इसको ध्यान में रखते हुए अनाथों के नाथ, निराधारों के आधार तिरूपति निवासा भगवान व्यंकटेश्वर की कथा यहां प्रस्तुत कर रहे हैं. हर गुरूवार को विदर्भ स्वाभिमान तथा आनंद परिवार की यह भक्तिमय सेवा प्रभु चरणों में अर्पित है. निर्मल मन से प्रभु गोविंदा की भक्ति करने पर इसका अनुभव आप भी कर सकते हैं.तिरूमल तिरूपति देवस्थानम तिरूपति द्वारा प्रकाशित मातृश्री तरिगोंड वेंगमांबा की श्री वेंकटाचल की महिला से साभार लिया जा रहा है.जय गोविंदा,जय गोविंदा, जय गोविंदा.**डिजिटल संस्करण

www.vidarbhswabhiman.com/9423426199

**गतांक से जारी-**हे सूत आपकी कृपा से से प्रसिध्द वेंकटाद्रि जा सके, वहाँ प्रीति से आपके बताने के अनुसार उस गिरी को पाया. अहो आपके व्दारा प्राप्त ज्ञान से हमारा उत्साह बढ़ा है.आपका माहात्म्य अत्यधिक है.आप सामान्य नहीं हैं. हे सूत हमसे आपने जो कुछ उस हिरण्य गिरीश के बारे में बढ़ा-चढ़ाकर चित्र-विचित्र ढंग से बताया. आपको ये सब कैसे मालूम है. सचमुच यह गिरी अद्भुत है धर्माद्रि के रूप में यह गिरी प्रसिध्द है. चैत्र रथ के रूप में वह दिखाई पड़ रही है. खग मृग आदि अपने जाति-भेद को भूल कर उस वन में जी रहे हैं. स्वामी पुष्करिणी संपूर्ण है. उसके पश्चिम भाग में भू वराह स्वामी दीपित बसे हैं.उसके दक्षिण भाग में सुवर्ण से तप्त कुंभ के रूप में गोपुर हैं. मणियों से शोभित प्रकार मंटप है. उन सबके बीच में दिव्य कांति वाले विमान को देखा है. हे सूत हमने उस दिव्य विमान के मध्य में लक्ष्मी नाथ के दर्शन किए.उसके समीप खड़े होकर प्रणाम करते समय आश्चर्य से पुलकित होकर सुध-बुध को खोकर लज्जा किए बिना स्वामी को देखते हुए आति उत्साह से सूत नाच गान किया. नाच-गान करके अपने को हरि को समर्पित किया.बदले में निष्कपट से हमसे श्री वेंकटाचलपति ने बात की. उनकी मधुरोक्तियाँ सुन कर हमें बहुत आनंद हुआ. फिर



मित्रतावश हमें नैमिशारण्य लौटने के लिए माधव ने आज्ञा दी.बाद में वे अर्चाकृति में बदल गए.उनके मौन मुद्रा धारण करने के बाद उनके माहात्म्य को वहाँ देखकर उस पर्वत से उतर कर हम यहाँ पर चले आये. हे सद्गुण व्राता हे सूत आपने जिस रूप में बताया था, उस रूप में उस पर्वत पर हमने चिन्हों को देखा है. आपने जिस भाव में बताया, वे उसी भाव में है. हमें आश्चर्य है, उन्हें देखकर ही आपने बताया. या आपके भाव के अनुसार वे बदले हैं. इस रूप में तापसोत्तमों द्वारा पूछने पर सूत ने इस रूप में कहा.

हे मुनिगण! हमारे व्यास मुनि की कृपा से मेरे मन में सारे भाव और दृश्य दिखाई देते हैं- इसमें मेरा कोई बडप्पन नहीं है. बादरायण के प्रभाव से ही यह सब कुछ संभव हो पाया. इसलिए मुझे महान मत बनाइए. आप धन्यात्मा हैं. करूणा से मुझसे पूछने पर मैंने अपने चित्त के अनुसार ही आप को बताया है. यह नहीं है कि मैंने वेंकटाद्रि में देखकर ही आप को बताया है. ऐसा मन में मत सोचिए. तार, शीकर, सैकत, वितानों के बारे में हिसाब करके बता सकते हैं. किंतु वेंकटगिरीद्र नायक की लीलाओं को निश्चित रूप से गिनना शेष को भी संभव नहीं है. श्रीकर वेंकटनाथ के प्रकटित कुछ चरितों को जैसे मुझे मालूम हैं, उसी रीति में आप को बताया। हे संयमी प्रभ.

सूत के द्वारा किया गया मंगलशासन-इस कथा को लिखनेवाले, पढ़नेवाले, विश्वास रखते हुए सुननेवाले आयुरारोग्यों को प्राप्त करते हैं. भूतल में वे पुण्यात्मा बनते हैं. कमलाप्त, चंद्र, नक्षत्र जब तक होंगे तब तक यह कृति शुभकर होगी. तरिगोंड-हरि नरसिंह पति की कृपा से भूलोक में यह कृति सदा वृद्धि करती रहेगी. हे मुनिगण ! भू वराह प्रभु को, सत्पुण्य निधि को, लक्ष्मी को और भू-नील देवी को, हरि को, शेषगिरी को, तरिगोंड श्रीनृहरि को मंगल हो.' कहते मोद से सूत ने सद्भक्ति के साथ वेंकटाद्रि माहात्म्य को मन भरने तक सुनने की इच्छा रखनेवाले शौनकादि मुनिगण बताया.

हे विभ्राजिता चरित,महाविभवनोत्ता, जगत्रया प्रख्याता, श्रीवेंकटगिरी नायक, पावन तरिंगोड नृहरि, पाप विदारी,सरसिदल नेत्रा, सन्मुनि स्त्रोता पात्र, सुरवरदन चैत्रा, शोकवल्ली लवित्रा, सुरूचिर घनगात्रा, सूरि चित्ताब्ज मित्रा, दहहसित सुवक्रा, धारूणी कलत्रा.

यह श्री तरिगोंड लक्ष्मी नृसिंह करूणा कटाक्ष कलित काव्य विवशिष्ट गोत्र पवित्र कृष्णयामात्य की पुत्री वेंगमांबा प्रणीत श्री वेंकट माहात्म्य नामक वराह पुराण में प्रस्तावित श्री चक्रराज की दिनि यात्रा, श्री वैष्णव धर्म की प्रशंसा, विहित सत्कर्म प्रकार से यम, निय योगाभ्यास क्रम, श्री वेंकटश्वर अष्टोत्तर शतनामों का प्र नैमिशारण्यवासी महामुनियों का वेंकटाद्रि पधारना, श्री वेंकटेश्चन मुनियों को दर्शन देकर उनसे बात करना, वे मुनि श्रीवेंकटेश्वर के करके, उनकी आज्ञा के अनुसार फिर वापस नैमिशारण्य पहुँचना सूत को देखकर विनती करना, मुनियों के साथ मिलकर सूत के द्वा वेंकटेश्वर स्वामी का मंगल शासन करना आदि कथांशों का यह आश्वास है। मेरे जीवन में जिस प्रकार प्रभु गोविंदा आपने कृपा की है और जीवन को संवारा है, उसी तरह सभी भक्तों के जीवन को संवारने की कृपा करना.

जय गोविंदा,जय गोविंदा

**शेष अगले अंक में**

**(तीसरा आश्वास समाप्त)**

## दस साल बाद हुआ बदलापुर नप चुनाव

**ठाणे-**लगभग 10 साल बाद, मंगलवार को बदलापुर म्युनिसिपल काउंसिल के चुनाव हुए, जिसमें पूरे शहर के लोगों ने जोश दिखाया। शाम करीब 5:30 बजे तक, 60 फीसदी से ज़्यादा वोटिंग हो चुकी थी, और अधिकारियों का अनुमान था कि आखिरी वोटिंग लगभग 60 तक पहुँच जाएगी जो 2015 के सिविक चुनावों के दौरान दर्ज 56 फीसदी से ज़्यादा है। इस साल, 49 सदस्यों वाली काउंसिल में से 44 सीटों के लिए चुनाव हुए, जिसमें छह सीटों को छोड़कर, काउंसिल प्रेसिडेंट पद के लिए डायरेक्ट चुनाव भी शामिल है. रिटर्निंग ऑफिसर के अनसार, बाकी छह सीटों के लिए 20 को को वोटिंग होगी, और सभी सीटों के नतीजे 21 दिसंबर को घोषित किए जाएँगे.पूरे दिन, कई पोलिंग जगहों पर शिवसेना और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच कई झड़पें हुईं, जिसके कारण एक से ज़्यादा जगहों पर पुलिस को दखल देना पड़ा. गांधी चौक पर, एख्छ कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि शिवसेना सदस्यों ने वोट देने आई महिलाओं को धमकाया. यह झगड़ा जल्द ही गरमागरम बहस में बदल गया, जिसके बाद दोनों ग्रप में धक्का-मुक्की हुई, जिसके बाद पुलिस ने बीच-बचाव करके स्थिति को कंट्रोल में किया.एक और टकराव एख्छ उम्मीदवार रमेश सोलसे के समर्थकों के बीच हुआ, पुलिस ने पूरी स्थिति पर नजर रखी और शांति से चुनाव निपटाया.




सुंदर घर बेचना है

अकोली रोड के पुरूषोत्तम नगर में बेहतरीन लोकेशन स्थित स्वतंत्र, सामने हनुमान, शिव मंदिर तथा मनपा बगीचा के सामने स्थित घर बेचना है. निर्माण 550 फुट. नीचे दो रूम, किचन तथा सामने जगह. ऊपर एक रूम और स्वतंत्र टायलेट व शौचालय. बेहतरीन लोकेशन.लेने के इच्छुक ही सीधे संपर्क करें.

कुल प्लॉट 750 स्केअर फुट, साईज 40 बाय 25

9423426199
8855019189



विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

विदर्भ स्वाभिमान
आजादी का अमृत महोत्सव
आचार-विचार वाला अखबार

महाराष्ट्र के साथ ही उत्तर प्रदेश में तेजी से लोकप्रिय हो रहे राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक विदर्भ स्वाभिमान के लिए विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है. मेहनती ही संपर्क करें.

- संपर्क -

विदर्भ स्वाभिमान कार्यालय
छाया कॉलोनी,अकोली रोड, अमरावती.
मो. 9423426199, 8855019189

# अष्टपैलू व्यक्तित्व हैं डॉ. लक्ष्मीकांत राठी

## जन्मदिन 7 दिसंबर पर विशेष : रग-रग में विनम्रता और सेवाभाव बनाता महान


शहर ही नहीं तो राष्ट्रीय स्तर के सुख्यात मानसोपचार तथा ब्रेन स्पेशालिस्ट के साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी व्यक्ति के रूप में डॉ. लक्ष्मीकांत राठी अष्टपैलू व्यक्तित्व हैं. सफलतम मानसोपचार व ब्रेन स्पेशालिस्ट, समाजसेवी संगठन लायन्स के भीष्म पितामह, संवेदनशील कवि, कई संगठनों के पदाधिकारी, आदर्श पुत्र और पिता के साथ ही सभी जिम्मेदारियों में राजा व्यक्तित्व हैं. जितने सम्पन्न ,उतने ही विनम्र रहने के कारण लाखो मित्र परिवार जोड़ा है. एक आदर्श मानसोपचार तज्ञ मन और आत्मा का चिकित्सक होता है. वह टूटे हुए मन को फिर से जोड़ने, निराश व्यक्ति में आशा जगाने और जीवन की दिशा बदलने की ताकत रखते हैं. उनका कार्य केवल चिकित्सा नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर बनाने में अपना सर्वोच्च योगदान देते हैं.

आज के तनावपूर्ण, तेज़ी से बदलते समय में मानसिक स्वास्थ्य का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है- ऐसे दौर में आदर्श मानसोपचार तज्ञ समाज के लिए एक मार्गदर्शक, सहानुभूतिपूर्ण मित्र तथा सक्षम चिकित्सक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हें. वह न केवल रोगी की समस्या का इलाज करते हैं, बल्कि जीवन जीने की सही दिशा भी देते हैं. अमरावती जिला ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश से मरीज उनके पास पहुंचते हैं और ठीक होकर आशिर्वाद देकर जाते हैं.

आदर्श मानसोपचार तज्ञ के रूप में रोगी की भावनाओं को समझते हुए उसकी समस्या को अपनेपन के साथ सुनते है. वह बिना किसी निर्णय के उसकी स्थिति को महसूस करने के साथ संभालने का प्रयास करते हैं. कहते हैं कि सुनना ही चिकित्सा की पहली सीढ़ी है. मनोचिकित्सक धैर्यपूर्वक बातों को सुनकर समस्या की जड़ तक पहुँचता है और सही समाधान खोजते हुए आज तक हजारों मरीजों को बेहतरीन किया है. रोगी द्वारा बताई गई बातें अत्यंत व्यक्तिगत और संवेदनशील होती हैं. आदर्श तज्ञ के रूप में वे पूरी गोपनीयता रखते हुए मरीजों को प्रोत्साहन देने का काम करते हैं. उत्तम मानसोपचार तज्ञ के रूप में वे वैज्ञानिक विधियों, नवीन शोध और आधुनिक तकनीकों से अवगत हैं और इसके मुताबिक इलाज करते हैं.

रोगी को आत्मबल देना, उसकी सोच बदलना और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण तैयार करना मानसोपचार तज्ञ का मूल उद्देश्य होता है.डॉ. राठी मरीजों को सदैव आत्मबल प्रदान करते हैं और हिम्मत बंधाते हैं. हजारों ऐसे मरीज हैं, जो उन्हें देवता

विदर्भ स्वाभिमान





मानते हैं. गरीब मरीजों की मदद में भी सदा आगे रहते हैं. अपने पेशे में सदा नैतिक मूल्यों का पालन करते हुए चिकित्सक से अधिक एक सच्चा इंसान बनकर सेवा करते हैं. आदर्श मानसोपचार तज्ञ के रूप में न केवल रोगियों का क्लिनिक में इलाज करते हें , बल्कि समाज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. अ.भा.मानसोपचार तज्ञ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में भी कई उपक्रम चलाते हुए अमरावती का नाम सदा ऊंचा किया है.अमरावती की जहां वे शान हैं, वहीं अभी तक तीन दर्जन से अधिक देशों में मानसोपचार के विषय पर सम्मेलनों , व्याख्यानों , कान्फ्रेंसों में हिस्सा लेकर इस क्षेत्र में अमरावती का नाम रोशन किया है. घरेलू कर्मचारियों के प्रति जहां उनकी संवेदनशीलता आज के दौर में दुर्लभ है, वहीं सामाजिक कार्यों में दिल खोलकर सहयोग करने का सिलसिला ही उन्होंने शुरू किया, यह कहना गलत नहीं होगा.उन्होंने जहां वैद्यकीय सेवा के क्षेत्र में अपना स्वयं का स्थान बनाया है, वहीं मानवता की सेवा, समाजसेवा के क्षेत्र में समर्पित व्यक्ति के रूप में विदर्भ में सुख्यात है. सदाबहार व्यक्तित्व के साथ ही कवि के रूप में उनकी विभिन्न विषयों पर कविताएं जीवन के मर्म से लेकर समाज की बुराईयों पर प्रहार करती हैं. समय भी उसकी कीमत करता है, जो समय की कीमत करता है. समय के पाबंद रहने के कारण सर का कोई भी आयोजन उसी समय होगा, जब उसका समय है. इतना ही नहीं तो प्रमुख अतिथि के रूप में भी जिस कार्यक्रम में जाते हैं,वे दिए गए समय पर ही पहुंचते हैं. उनका मान्2ाना है कि जो समय की कद्र नहीं करता है, उसकी कद्र समय भी नहीं करता है. शहर ही नहीं तो राष्ट्रीय तथा लायन्स क्लब के अमरावती जिले के भीष्म पितामह के रूप में स्थान बनाने वाले डॉ. लक्ष्मीकांत राठी मानसेवी, मानवता की सेवा को प्राथमिकता देने वाले व्यक्ति हैं. राष्ट्रीय स्तर पर मानसोपचार विशेषज्ञ के साथ ही ब्रेन स्पेशालिस्ट के रूप में जहां सुख्यात हैं, वहीं वैद्यकीय सेवा को सदैव गौरवान्वित करने का काम उन्होंने किया है.गरीबों के प्रति सर का सदैव लगाव रहा है. यही कारण है कि गरीबों के साथ खुशियां बांटते रहते है. अपना जन्मदिन सदैव विभिन्न सामाजिक उपक्रम, नेत्रहीन संस्थाएं, अंध विद्यालय, वृद्धाश्रमों में बुजुर्गों को मदद करते हैं.सर के जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं. वह स्वस्थ रहें, मस्त रहें और अष्टपैलू व्यक्तित्व के रूप में अमरावती जिले की शान पूरे विश्व में फैलाते रहें, जन्मदिन पर यही मंगलमय शुभकामना.संवेदनशील कवि के रूप में उनकी अभी तक सैकड़ों कविताएं जाने-माने समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई है.अंत में यह शायरी

**आई नई सुबह, लाया नया उजाला,सूरज की किरणों ने कहा खुशियों से भर दो प्याला,**

**हर कदम पर मिले सफलता का उजियाला,जन्मदिन हो आपका सबसे निराला!**

**सुभाष दुबे, संपादक**
**मो. 9423426199**

www.vidrabhswabhiman.com

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सुख्यात मानसोपचार तज्ञ एवं ब्रेन स्पेशालिस्ट,संचालक-श्री गोवर्धन हास्पिटल, सुख्यात समाजसेवी डॉ. लक्ष्मीकांत राठी सर को जन्मदिन 7 दिसंबर पर करोड़ों शुभकामनाएं. भगवान उन्हें सुखी, स्वस्थ रखें, प्रभु चरणों में यही कामना.





डॉ. लक्ष्मीकांत राठी

सुख्यात मानसोपचार तज्ञ एवं ब्रेन स्पेशालिस्ट,संचालक-श्री गोवर्धन हास्पिटल.




शुभेच्छुक - डॉ. लक्ष्मीकांत राठी मित्र परिवार, श्री गोवर्धन हास्पिटल के सभी कर्मचारी, विदर्भ स्वाभिमान परिवार,अमरावती.

# मानवसेवा,राष्ट्रधर्म को सर्वोच्च मानते प्रा.डॉ.अजय बोंडे

**विदर्भ स्वाभिमान,3 दिसंबर**

**अमरावती-** मानवता की सेवा से बड़ा धर्म नहीं है और इस धर्म का निर्वाह करने से बड़ी इंसानियत नहीं हो सकती है. मानवसेवा और राष्ट्रधर्म का जो भी पालन करता है, वही सही मायने में देश का आदर्श नागरिक है. देश के किसी भी व्यक्ति को हमारे कारण तकलीफ नहीं हो, इसका जो ध्यान रखता है, वही आदर्श नागरिक है, इस आशय का स्पष्ट मत समाजसेवी तथा अष्टपैलू व्यक्तित्व प्रा.डॉ.अजय बों डे ने किया. उनके मुताबिक सेवा का भाव अगर रहा तो लोगों के दिलों में स्वयं ही जगह बन जाती है. प्रभाग के नागरिकों के साथ पारिवारिक संबंध रखने वाले डॉ.बों डे सदा उनके सुख-दुख में पहुंचते हैं. लोग भी उन्हें याद करते हैं. उनके मुताबिक लोगों का अपार प्रेम उन्हें सदा मिला है, यही कारण है कि सदा लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं. छात्रों की मदद की बात हो, धार्मिक आयोजन हो, स्वास्थ्य शिविर अथवा अन्य किसी भी काम में सदा अग्रणी रहते हैं. उच्च विद्याविभूषित रहने के साथ ही खो-खो के राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ी भी हैं. उनका कहना है कि जिस तरह से खेल में सभी को मौका दिया जाता है, उसी तरह जीवन में कमियों की बजाय हर व्यक्ति की अच्छाईयों पर गौर करना चाहिए. महापालिका का चुनाव आगामी समय में होने वाला है. लोगों को शिकायत करने के लिए पांच साल लेकिन समझदारी दिखाने का एक बार मौका मिलता है.

मनुष्य के व्यक्तित्व में अनेक गुण होते हैं, परन्तु दिल का साफ होना सबसे अनमोल और महान गुण माना जाता है. डॉ.बों डे साफ दिल व्यक्ति हैं. जिस व्यक्ति के मन में कपट, छल, घमंड और स्वार्थ नहीं होता, वही वास्तव में सच्चा और श्रेष्ठ इंसान कहलाता है. साफ दिल वाले व्यक्ति की पहचान उसके शब्दों से नहीं, बल्कि उसके व्यवहार, आचरण और जीवन शैली से होती है. मित्रों में दिलदार और दिल से साथ रहने वाले मित्र के रूप में



उन्हों ने हजारों मित्र बनाए हैं, जो उनके लिए समर्पित रहते हैं.

साफ दिल वाला व्यक्ति सत्य के मार्ग पर चलता है. वह किसी को धोखा नहीं देता और न झूठ का सहारा लेता है. ईमानदार और सच्चा होना उनकी पहचान बन जाती है.घर, कार्यक्षेत्र के साथ ही समाज में भी सदैव अपनी सच्चाई और ईमानदारी के लिए वह पहचानते जाते हैं. उनके मुताबिक सत्य जीवन का ऐसा सच है, जो परेशान हो सकता है लेकिन वह हार नहीं सकता है. ऐसे लोग दिल में कुछ और चेहरे पर कुछ और नहीं रखते. वे स्पष्ट बात कहने का साहस रखते हैं, परंतु उनके शब्दों में कटुता नहीं बल्कि प्रेम और शालीनता होती है.

दयालुता और सहानुभूति-डॉ. बोंडे अत्याधिक संवेदनशील और स्पष्टता के साथ ही किसी के प्रति भी बुरा नहीं सोचते हैं. उनका कहना है कि जीवन में अच्छाई कभी भुलाने नहीं देती है. उनका ह्रदय संवेदनशील है. वे दूसरों के दुख को समझते हैं और यथासंभव सहायता करने का प्रयास करते हैं. यही कारण है कि उनके कार्यों को लोग पसंद करते हैं और उनके शब्दों को सम्मान देते हैं. प्रभाग में पिछले पंद्रह साल से लगातार सेवा तथा छात्रों के कल्याण का कार्य जारी है. वे बिना किसी स्वार्थ के दूसरों का भला करने में विश्वास रखते हैं. प्रतिफल की आशा किए बिना सेवा करना उनका स्वभाव होता है. आज राजनीति में ऐसे लोगों की अत्याधिक आवश्यकता है. ऐसे लोगों के राजनीति में आने से शहर के भाग्य के साथ ही देश का भाग्य संवरने में देर नहीं लगेगी. वे सामाजिक कामों में सबसे आगे रहते हैं. कहने में कम और करने में अधिक विश्वास जहां करते है,वहीं मन में दूसरा और जुबान पर दूसरा वाला रवैया पसंद नही क़रते हैं.दिल के साफ व्यक्ति न किसी से बैर रखते हैं और न द्वेष. वे क्षमा करने की शक्ति रखते हैं और विनम्रता से पेश आते हैं. उनके मुताबिक जितना हो सके, सभी को अच्छा करने का प्रयास करना चाहिए.

ऐसे व्यक्ति समाज में विश्वास का वातावरण बनाते हैं. लोगों के बीच प्रेम, सहयोग और एकता की भावना बढ़ती है. उनका जीवन दूसरों को प्रेरणा देता है और वे हर जगह सकारात्मकता का प्रसार करते हैं. डॉ.बों डे जैसे लोग समाज का आधार स्तंभ होते हैं और उन्हें सम्मान स्वतः प्राप्त होता है. वह शिक्षा के क्षेत्र में जितने सर्मर्पित हैं, उतने ही सर्मर्पित वह समाजसेवा तथा अन्य क्षेत्रों में हैं. मनपा चुनाव में उनके जैसे लोगों को दिल से साथ देने का संकल्प लेना चाहिए, ताकि इसकी दशा को सुधारा जा सके.

**प्राचार्य संजय शिरभाते,अमरावती.**




**गुरूवार 4 दिसंबर से 10 दिसंबर 2025 तक का भविष्य**

**मेष**-कैरियर / आर्थिक स्थिति: इस सप्ताह मेहनत रंग लाएगी. कामकाज में नए प्रोजेक्ट या प्रमोशन के अवसर मिल सकते हैं. लेकिन खर्चों पर काबू रखना ज़रूरी है. स्वास्थ्य: शुरुआत में थकावट महसूस हो सकती है, थोड़ी सी नींद पूरी करें. रिश्ते / परिवार: रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी; पारिवारिक सहयोग मिलेगा. लेकिन समय पर संवाद करना ज़रूरी है. सलाह: बड़े फैसले लेने से पहले सब पक्षों पर विचार करें. जल्दबाज़ी न करें.

**वृषभ**-कैरियर / आर्थिक स्थिति: यह सप्ताह स्थिरता वाला रहेगा. वरिष्ठों का समर्थन मिलेगा. आर्थिक मामूले ठीक रहेंगे, पर निवेश या बड़े खर्च करने से बचना श्रेयस्कर है. स्वास्थ्य: सामान्य रहेगा, लेकिन तनाव या भूख-पीक की अनियमितता से बचें. रिश्ते / प्यार: घर और परिवार में शांति बनी रहेगी, पर शब्दों का चयन सोच-समझ कर करें. सलाह: खर्चों का हिसाब रखें; जितना हो सके बचत की कोशिश करें.

**मिथुन**-कैरियर / आर्थिक स्थिति: धन आगमन के योग हैं. कुछ सौदे वप्रस्ताव मिलेंगे, परन्तु जौखिम भरे प्रस्तावों से सावधानी बरतें. स्वास्थ्य: सामान्य रहेगा. बीच-बीच में एक्टिव रहें.रिश्ते / प्यार: पार्टनर के साथ कुछ मतभेद हो सकते हैं; संवाद से स्थिति ठीक होगी. सलाह: किसी नए अवसर की घोषणा लेने से पहले पूरी जानकारी जुटाएँ; निवेश करें तो भरोसेमंद सलाह साथ लें.

**कर्क**-कैरियर / आर्थिक स्थिति: पुराने अधूरे काम पूरे होने की संभावना; आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे सुधरेगी. लेकिन अचानक खर्च हो सकते हैं. स्वास्थ्य: मौसम और खान-पान का ध्यान रखें; पाचन संबंधी समस्याएँ हो सकती हैं. रिश्ते / प्यार: पारिवारिक भूमिका बढ़ेगी; दोस्तों-परिवार से समय बिताना अच्छा रहेगा. सलाह: प्रदत्त जिम्मेदारियों को प्राथमिकता दें; व्यर्थ विवादों से बचें.

**सिंह**-कैरियर / आर्थिक स्थिति: आत्मविश्वास बढ़ेगा; नए प्रोजेक्ट्स या विस्तार के अवसर मिल सकते हैं. अधिकारी आपकी क्षमताओं को देखेंगे. स्वास्थ्य: काम-थकावट हो सकती है; पर्याप्त आराम और नींद आवश्यक. रिश्ते / प्यार: घर में सम्मान और सहयोग मिलेगा. साथी से अच्छे संवाद होंगे. सलाह: अपनी ऊर्जा को संतुलित करें; काम और निजी जीवन में संतुलन स्थापित करना ज़रूरी होगा.

**कन्या**-कैरियर / आर्थिक स्थिति: भाग्योदय की संभावना है. मेहनत का फल मिलेगा, महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे. आर्थिक स्थिति सुधर सकती है. स्वास्थ्य: स्वास्थ्य अच्छा रहेगा. लेकिन नियमित व्यायाम और संतुलित आहार जरूरी है. रिश्ते / प्यार: रिश्तों में मधुरता रहेगी; पारिवारिक आनंद प्राप्त होगा. मित्रों या बजुर्गों से सहायता मिल सकती है. सलाह: सकारात्मक सोच रखें; किसी नई शुरुआत के लिए यह समय उपयुक्त है.

**तुला**-कैरियर / आर्थिक स्थिति: ऊर्जा व संकल्पशक्ति बढ़ेगी; नए अवसरों की ओर कदम हो सकते हैं. परंतु जल्दबाजी वाले फैसले टालें. स्वास्थ्य: बीच-बीच में थकान या असमंजस हो सकता है. विश्राम करें और ध्यान रखें. रिश्ते / प्यार: रिश्तों में भरोसा बढ़ेगा; पुराने झगड़े सलझ सकते हैं. साथी का सहयोग मिलेगा. सलाह: वाणी में सौम्यता रखें, दूसरों की बातों को ध्यान से सुनें; भावनात्मक संतुलन महत्वपूर्ण होगा.

**वृश्चिक**-कैरियर / आर्थिक स्थिति: मेहनत का परिणाम मिलेगा. घरेलू जीवन और करियर के बीच संतुलन बनाए रखना होगा.स्वास्थ्य: मानसिक शांति की ज़रूरत है; ध्यान-मेडिटेशन लाभ दे सकता है. रिश्ते / प्यार: रिश्तों में भावनाएँ गहरी होंगी. परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है. सलाह: विश्लेषण करने से बचें, अहंकार या झूठे रूख से दूरी बनाएं.

**धनु**-कैरियर / आर्थिक स्थिति: रूके हुए काम आगे बढ़ेंगे; यात्रा या नए कौशल सीखने के मौके मिलेंगे. स्वास्थ्य: हल्की-फुल्की परेशानी हो सकती है; आराम पर ध्यान दें. रिश्ते/ प्यार: साथी के साथ कुछ तनाव हो सकता है; समझदारी से बातचीत लाभदायक होगी. सलाह: अपनी योजनाओं और प्राथमिकताओं को साफ़ रखें; जल्दबाज़ी में फैसले न करें.

**मकर**-कैरियर / आर्थिक स्थिति: करियर में उन्नति के अवसर, नए ऑफर या जिम्मेदारियाँ मिल सकती हैं. पर खर्चों पर नियंत्रण रखें.स्वास्थ्य: नींद और आराम पर विशेष ध्यान दें. काम के दबाव से दूरी बनाए रखें. रिश्ते / प्यार: पुराने मित्र या रिश्तेदार से मिलना संभव है, इससे मन प्रसन्न होगा. घर-परिवार में सहयोग बढ़ेगा. सलाह: जोखिम लेने से पहले पूरी तैयारी करें; संतुलित दृष्टिकोण लाभदायी रहेगा.

**कुंभ**-कैरियर / आर्थिक स्थिति: पढ़ाई, इंटरव्यू, कोर्सेज़ आदि में सफलता की गुंजाइश है. बातचीत या प्रस्ताव लाभदायक हो सकते हैं. स्वास्थ्य: सामान्य रहेगा; पर मनोवैज्ञानिक तनाव से बचने के लिए ध्यानम-योग कर सकते हैं. रिश्ते / प्यार: पारिवारिक माहौल शांत रहेगा. साथी या मित्रों से अच्छे समय बीतेगा. सलाह: कागजी कामों, अनुबंधों आदि का दस्तावेज़ अच्छी तरह देखें; भरोसा योग्य लोगों से सलाह लें.

**मीन**-कैरियर / आर्थिक स्थिति: नए स्रोत से आय हो सकती है, या किसी मदद से लाभ मिलेगा. लेकिन अनियोजित खर्च होंगे, बैलेंस आवश्यक है. स्वास्थ्य: स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, पर जितना संभव हो तनाव को नियंत्रित करें. रिश्ते / प्यार: परिवार और दोस्त-रिश्तों में सकून रहेगा; सामाजिक गतिविधियों में आनंद मिलेगा. सलाह: दिल की सुनें लेकिन पैरों को जमीन पर रखें; योजनाओं को ठोस बनाएं.मेहनत से सफलता निश्चित मिलेगी.

ज़य गोविंदा,जय गोविंदा,जय गोविदा







# श्री दत्त जयंती आज,जिले भर में विभिन्न आयोजन

## ज़नार्दन पेठ, रहाटगांव, गुरूकृपा कॉलोनी के साथ वलगांव में भी मनेगा जन्मोत्सव,भक्त उमड़े

**विदर्भ स्वाभिमान, 3 दिसंबर**

**अमरावती**- श्री दत्त जयंती जन्मोत्सव शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भक्तिभाव से मनाया जा रहा है. आज जनार्दन पेठ, आरोग्य सेवा कॉलोनी, वलगांव, गुरूकृपा कॉलोनी में इस उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया. श्री स्वामी समर्थ मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन व पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते रहे. मंदिर परिसर जय गुरुदत्त के जयघोषों से गुंजायमान रहा.सुबह महाअभिषेक, पंचामृत स्नान, हवन, पूजन और आरती में भक्त शामिल हो रहे हैं. कई भक्तों ने उपवास रखकर दिनभर पूजा ध्यान में समय बिताया.दोपहर एवं






सध्या के समय आयोजित कीर्तन, भजन तथा गुरूचरित्र में महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया. कहीं 4 दिसंबर को शोभायात्रा तो कहीं 5 को महाप्रसाद रखा गया है. भक्तों से इसका लाभ लेने का आग्रह किया गया है. धार्मिक आयोजन में सेवाभावी युवाओं की भागदौड़ सराहनीय है.

वलगांव. यहां से करीब स्थित पेढ़ी नदी के किनारे दत्त मंदिर संस्थान म् दत्तात्रेय प्रभु जन्मोत्सव बुधवार 3 दिसंबर से शुरू हो रहा है. इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है. भक्तों से इसमें सहभागी होने तथा लाभ लेने का आग्रह किया गया है. कार्यक्रम के तहत कलशारोहण, मंदिर उद्घाटन, सभामंडप उद्घाटन, तथा पंचावतार उपहार महोत्सव रखा गया है.कार्यक्रम के तहत बधवार को सुबह 5 बजे उटीवीडा, 7 बजे गीता पाठ, 11 बजे पंचावतार उपहार, दोपहर 2 बजे मंडप उदघाटन के बाद धर्म सभा तथा पश्चात भोजन प्रसाद रखा गया है. दोपहर 4 बजे शोभायात्रा तथा रात्रि 9 बजे प्रभाकर बाबा कपाटे का कीर्तन होगा. गुरुवार 4 दिसंबर को सुबह दत्तात्रेय प्रभु जन्मोत्सव, गीतापाठ, 9 बजे ध्वजारोहण, कलशारोहण, मंदिर उद्घाटन तथा सभागृह उद्घाटन पश्चात धर्मसभा का आयोजन किया गया है.

**आज शोभायात्रा, परसों महाप्रसाद**

शहर के जनार्दनपेठ स्थित श्री स्वामी समर्थ मंदिर में भी जन्मोत्सव विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जा रहा है. गुरुवार 4 दिसंबर को शोभायात्रा तथा 5 दिसंबर को यहां यज्ञ पूर्णाहुति तथा महाप्रसाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. 27 नवंबर से यहां जारी कार्यक्रम का सैकड़ों भक्त रोज लाभ ले रहे हैं. शुक्रवार 5 नवंबर को दोपहर 12 से 3 बजे तक श्री स्वामी समर्थ देवस्थान में महाप्रसाद कार्यक्रम रखा गया है. मंगलवार को सुबह नित्य स्वाहाकार, चंडी याग के अलावा माऊली भजनी मंडल, पन्नालाल नगर का भजन कार्यक्रम हुआ. इसका बड़ी संख्या में भक्तों ने लाभ लिया. मंदिर में युवा स्वयंसेवकों का उत्साह देखने लायक है.



**रहाटगांव में नित्यस्वाहाकार, चंडी याग**-श्री स्वामी समर्थ सेवा व आध्यात्मिक विकास केन्द्र दिंडोरी प्रणित आरोग्य सेवा कॉलोनी रहाटगांव में श्री दत्त जयंती पर मंगलवार को नित्यस्वाहाकार व चंडी याग में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया. यहां पर 28 नवंबर से श्री दत्त जयंती अखंड नामजप यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है. रोज श्री गुरूचरित्र वाचन, औदुंबर प्रदक्षिणा, भूपाली आरती, एक माल श्री स्वामी समर्थ सामुदायिक जप, नित्य स्वाहाकार, पूजन व अभिषेक, दुर्गा सप्तशती व स्वामी सारांमृत का पारायण सहित अन्य कार्यक्रम हो रहे हैं.

**गुरुकृपा कॉलोनी**-श्री दत्तप्रभु जयंती उत्सव, गोरक्ष बोध सप्ताह तथा 128 महापूजा समापन समारोह जनार्दनपूरी गुरूदत्तपूरी महाराज के हाथों शुक्रवार से पूजा के बाद यहां पर विभिन्न कार्यक्रम शुरू हैं. श्री दत्त प्रभु मंदिर, गुरुकृपा कॉलोनी में रोज विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं. मंगलवार को रेखाताई सुरोसे का रात्रि 8 से 10 बजे तक कीर्तन कार्यक्रम का लाभ क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में लिया. बुधवार 3 दिसंबर को संजू शेटे महाराज का भजन तथा गुरुवार 4 दिसंबर को श्री दत्त जन्म समारोह मनाया जाएगा. इसमें प्रमख रूप से जनार्दन पुरी महाराज, मोहनपुरी महाराज, अनंता लोखंडे महाराज प्रमखता से उपस्थित रहेंगे. रात्रि 8 से 10 बजे तक श्री गुरूदेव सेवा मंडल आदर्श नगर के दिनकरराव खोत का भजन कार्यक्रम होगा. 5 दिसंबर को ग्रंथ पालखी शोभायात्रा रखी गई है. रात्रि 8 से 10 बजे सत्यपाल महाराज का बाल शिष्य शिवानंद महाराज सापदाले का कीर्तन होगा. भक्तों से लाभ लेने का आग्रह किया गया है.भक्तिभाव की गंगा पूरे शहर में स्वामी समर्थ मंदिर मेंबह रही है.








शुभेच्छुक-रूक्मिणी वल्लभ झुनका भाकर केन्द्र, सरोज चौक.





आचार, विचार, संस्कारों के साथ ही संयुक्त परिवार, मानवता और भारतीयता को समर्पित सर्वाधिक लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र के ग्राहक बनकर अच्छाई को बढ़ावा देने में अपना हाथ बंटाए, आज ही सदस्यता फार्म भरें

**विदर्भ स्वाभिमान**

संपर्क
9423426199/8855019189

# क़्लर्क से महाप्रबंधक तक का सफर रहा सफल

## सेवानिवृत्ति पर विशेष, कर्मठ, समर्पित अधिकारी हैं राजेश देशमुख, संघर्ष से सफलता की दास्तांन

**विदर्भ स्वाभिमान, 3 दिसंबर**

**अमरावती-** जीवन में काम के प्रति समर्पण सदा ऊंचाईयों पर पहुंचाता है, इसका उदाहरण दि अमरावती जिला परिषद शिक्षक सहकारी बैंक के महाप्रबंधक राजेश देशमुख हैं. 1 जनवरी 1985 को बैंक में क्लर्क के रूप में शामिल होने वाले देशमख ने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण के साथ ही बेहतरीन विजन के कारण महाप्रबंधक तक का सफर किया. बैंक में उन्होंने 40 साल 11 महीने की बेहतरीन तथा निर्विवाद सेवा देते हुए बैंक की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उनके साथ ही बैंक के अन्य कुछ सहयोगी सेवानिवृत्त हो रहे हैं, इस उपलक्ष्य में सभी की सेवानिवृत्ति पर विदाई कार्यक्रम का आयोजन 3 दिसंबर को किया गया उनके साथ ही अन्य अनिल सुखदेवराव गवली, सुधाकर सुरेशराव वैराले तथा राजकुमार पाटेकर क़ा भी बैंक कर्मचारियों द्वारा सत्कार किया गया. जिस तरह से आत्मीयता का परिचय इस सत्कार के माध्यम से मिला, वह दुर्लभ है.बैंक के महाप्रबंधक के रूप में राजेश प्रभाकरराव देशमुख जहां बेहतरीन अधिकारी रहे, वहीं सभी के साथ समन्वय और कर्मचारियों की



समस्याओं को सुनने और उसका प्रबंधन के माध्यम से निराकरण कराने में सदैव पुल का काम किया. बैंक ने शानदार विश्वास के साथ ही जिस तरह से लोकप्रियता हासिल की है, वह भी अपने आप में मजाक की बात नहीं है. यह अध्यक्ष गोकुलदास राऊत तथा सभी संचालकों, कर्मचारियों, अधिकारियों के समन्वीत प्रयासों का नतीजा कहना गलत नहीं होगा.

पिछले चार साल से परिचय के दौरान राजेश देशमुख को करीब से देखने का मौका मिला. किसी की बात को ध्यान सेसुनना और उसका समाधान करने की खूबी उनमें मुझे प्रभावित करती है. अनुशासनप्रिय के साथ ही मिलनसार तथा सभी अधीनस्थों का सम्मान करने वाले राजेश देशमुख काम के प्रति समर्पित रहने के कारण बैंक के अध्यक्ष गोकुलदास राऊत के साथ ही सभी संचालकों का मार्गदर्शन और सम्मान प्राप्त करते थे.विदर्भ स्वाभिमान से बातचीत के दौरान वे बताते हैं कि क्लर्क से लेकर मेहनत, लगन, समर्पण और संचालक मंडल के विश्वास को जहां जीतने का प्रयास किया, वहीं बैंक के निवेशकों, शिक्षकों की समस्याओं को सदा सुना और बैंक की प्रगति में योगदान देने की खुशी उन्हें सदैव रहेगी. वे बताते हैं कि उनके कार्यकाल में धामणगांव रेलवे, यवतमाल, वाशिम के अलावा अकोला में भी बैंक की शाखाएं खोली गई. बैंक की प्रगति के साथ ही आधुनिकता के साथ कदमताल करते हुए बैंक को आधुनिकतम सभी सुविधाओं से लैस करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के कारण प्रबंधन और कर्मचारियों में वे लोकप्रिय रहे.

राजेश प्रभाकरराव देशमुख का स्वभाव बेहतरीन रहने से सभी का प्रेम उन्होंने प्राप्त किया. सुयोग मंगल कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में जिस तरह से संचालकों और कर्मचारियों ने अपनी भावनाएं व्यक्त की, यह उनके व्यक्तित्व और कर्मठता का उदाहरण कहना गलत नहीं होगा. उनके अलावा सेवानिवृत्त हो रहे अनिल सुखदेवराव गवली, सुधाकर सुरेशराव वैराले तथा राजकुमार पाटेकर को भी उत्तरोत्तर स्वस्थ तथा दीर्घायु जीवन की हम कामना करते हैं. सुयोग मंगल कार्यालय, रुक्मिणी नगर में दोपहर 12 से 3 बजे तक हुए कार्यक्रम में सभी की उपस्थिति ही उनकी तथा सहयोगियों की लोकप्रियता का सबूत है. कार्यक्रम की सफलतार्थ अमरावती जिला परिषद शिक्षक सहकारी बैंक लि. अमरावती के कर्मचारियों ने अथक प्रयास किया.




*गुणवत्ता* *विश्वसनीयता* *तत्पर सेवा*

**शालेय, महाविद्यालयीन पाठ्य पुस्तक, सामान्य ज्ञान स्पर्धा की विभिन्न किताबे, रजिस्टर, नोटबुक्स, कम्पास सहित सभी प्रकार की फाइलें,बुक्स, स्टेशनरी का एकमात्र विश्वसनीय स्थान. रियायती कीमत तथा तत्पर सेवा ही हमारी विशेषता है.**

**--संपर्क—**

**प्रथमेश बुक व जनरल स्टोअर्स, रविनगर चौक, अमरावती.**

**सन् 1967 पासून**

**अमरावती शहरात वाजवी दरात सर्वात जास्त प्लाटस्चे सौदे करणारे एकमेव इस्टेट एजंट**

**संजय एजंसीज्**

**टाऊन हॉल समोर, नेहरू मैदान,अमरावती.फोन 2564125,2674048**

**विदर्भ स्वाभिमान**

RNI NO. MAHHIN / 2010 /43881

संपादक : सुभाषचंद्र दुबे | प्रबंधक : सौ. विणा एस. दुबे

| | | |
|---|---|---|
| जाहीर सुचना | 10x2 | 500 |
| जाहीर सुचना | 15x2 | 1000 |
| बच्चों का जन्मदिन | 10x2 | 500 |
| शादी की वर्षगांठ | 10x2 | 500 |
| नाम में बदल | 10x2 | 500 |
| गुमशुदा | 10x2 | 400 |
| श्रध्दांजलि | 10x2 | 500 |
| पुण्यस्मरण | 15x2 | 1000 |

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

विदर्भ स्वाभिमान, छाया कॉलोनी, अमरावती

मो. 9423426199/ 8855019189




मजबूत,टिकाऊ, उच्चगुणवत्तायुक्त नवीन मकान विकायचा आहे. गुढीपाडवा आणि चैत्र नवरात्रिच्या हार्दिक शुभेच्छा. 2 बीएचके किचन ट्राल्या, पीओपी कलरिंग सोबतचच पंखे गिझर सर्व तयारी.इच्छुकांना स्वतः भेंट देऊन खात्री करावी.

शांतिनिकेतन स्कूल रोड,पुष्पक कॉलनी मेन रोड पूर्व मुख्य

1350 फुट बांधकाम

**संपर्क मोबाइल नंबर 9881388450**